

लॉकडाउन के दौरान गौ-सेवा करते हुए फोटो भी पोस्ट कर चुके हैं

करियर में 104 टेस्ट, 251 वनडे और 19 टी20 इंटरनैशनल मैच खेलने वाले सहवाग इससे पहले लॉकडाउन के दौरान गौ-सेवा करते हुए फोटो भी पोस्ट कर चुके हैं जो काफी वायरल हुआ था।

## गाय के पहले बच्चे पर झूले में बैठाकर जश्न मनाता परिवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंदर सहवाग के अलावा अन्य कई दिग्गज हस्तियां सोशल मीडिया पर गौ-सेवा करते हुए वीडियो पोस्ट कर चुकी हैं। अब सहवाग ने एक और वीडियो शेयर किया जिसमें एक गाय के पहले बच्चे के जन्म पर उसे झूले में बैठाकर जश्न मनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहने वाले सहवाग ने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा, जिनकी सेवा कर के नर भव से तर जाता, सब देवों का अंश समेटे है गौ माता। एक परिवार का खूबसूरत वीडियो, जिसमें परिवार उसके पहले बच्चे का जश्न मना रहा है। भारतीय संस्कृति यही है सही नीति। यह वीडियो कहां का है, इस बारे में सहवाग ने कोई जानकारी नहीं दी। इस वीडियो पर काफी यूजर्स ने गौ-हत्या को रोके जाने को लेकर कमेंट भी किया। एक यूजर ने लिखा, देश में गौ-हत्या को बैन कर देना चाहिए। वहीं, नवीन वशिष्ठ नाम के एक अन्य यूजर ने लिखा, देश में जीव हत्या बंद होनी चाहिए।

# सचिन के पास मजबूत टीम नहीं थी पर वह प्रेरक कप्तान भी नहीं थे

### दिग्गज राजनेता शशि थरूर ने भारतीय क्रिकेट के अलग-अलग दौर को किया याद

**क्रिकेट**

सचिन ने खुद छोड़ी थी कप्तानी और दोबारा ऑफर मिलने पर भी नहीं की थी कबूल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर (बैपद ज्मदकनसांत) के हैरतअंगेज रेकॉर्ड क्रिकेट में महारत को बताते हैं। मास्टर ब्लास्टर ने अपने पूरे करियर में बैटिंग के कई रेकॉर्ड अपने नाम किए और आज भी कई बड़े रेकॉर्ड्स पर सिर्फ उनका ही कब्जा है। लेकिन सचिन को जब टीम इंडिया की कप्तानी का मौका मिला, तो वह यहां खुद को साबित नहीं कर पाए। बतौर कप्तान तेंडुलकर के रेकॉर्ड बहुत निराशाजनक हैं और इसी के चलते उन्होंने खुद ही अपनी कप्तानी छोड़ दी थी।
भारतीय राजनेता शशि थरूर ने भी तेंडुलकर के जमाने की कप्तानी को याद किया है। उन्होंने कहा कि सचिन के पास भले ही मजबूत टीम न रही हो लेकिन वह प्रेरक कप्तान भी नहीं थे।

कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने स्पोर्टसकीड़ा बात करते हुए तेंडुलकर की कप्तानी के दिनों को याद किया। उन्होंने कहा, जब सचिन कप्तान नहीं थे तब मैं यही सोचता था कि वह भारत के संभावित कप्तानों में से सबसे बेस्ट विकल्प हैं। क्योंकि जब वह कप्तान नहीं थे, वह बेहद ऐक्टिव थे- वह स्लिप में फील्डिंग करते थे, दौड़कर कप्तान के पास जाते थे, उन्हें सलाह और हौसला देते थे। थरूर ने कहा, श्लेकिन जब उन्हें कप्तान बनाया गया तो काम नहीं किया। उनके पास मजबूत टीम नहीं थी। लेकिन उन्होंने खुद भी स्वीकार किया है प्रेरणादायी कप्तान नहीं थे।

उन्होंने कहा, श्यह शायद इसलिए भी था क्योंकि उन्हें अपनी बैटिंग पर भी सोचना होता था। और अंत में उन्होंने खुशी-खुशी अपनी कप्तानी छोड़ दी और बाद में जब उन्हें दोबारा मौका मिला तो उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया।

सचिन को साल 1996 में कप्तानी सौंपी गई थी। इस दौरान उन्होंने 73 वनडे और 25 टेस्ट में भारतीय टीम की कमान संभाली। सचिन का कप्तानी रेकॉर्ड निराशाजनक रहा। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम 73 वनडे में से 23 ही जीत सकी और 43 में उसे हार मिली। इस दौरान उनका जीत प्रतिशत 35.07 ही रहा। इसके अलावा 25 टेस्ट के दौरान टीम इंडिया को सिर्फ 9 टेस्ट में ही जीत मिल सकी। यहां उनका विनिंग औसत सिर्फ 16 ही रहा।




# पहली बार है जब इंग्लैंड के दर्शकों ने मेरे साथ दुर्व्यवहार नहीं किया: वॉर्नर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

साउथैम्पटन। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को दर्शकों के बिना खाली स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना अटपटा लगा। लेकिन उन्हें इससे कोई शिकायत नहीं है क्योंकि यह पहली बार है जब चिर-प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के दर्शकों ने उनसे श्दुर्व्यवहारश नहीं किया। साउथ अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम पिछले साल जब वर्ल्ड कप के लिए यहां पहुंची थी तब दर्शकों ने उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की थीं। इसके बाद एशेज सीरीज में भी ऐसा ही हुआ था। शुक्रवार को यहां खेल गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में हालांकि ऐसा नहीं हुआ। तीन मैचों की



सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलाई टीम को 2 रन से हार का सामना करना पड़ा। कोरोना वायरस महामारी के कारण इस मैच को जैव सुरक्षित माहौल में खेला जा रहा है, जहां एजिस बाउल स्टेडियम में दर्शक मौजूद नहीं थे।

वॉर्नर ने मैच के बाद कहा, यह पहली बार है, जब यहां मेरे साथ दुर्व्यवहार नहीं हो रहा है। यह अच्छा है। वॉर्नर से जब पूछा गया कि क्या दर्शकों के बिना इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच मैच उन्हें पसंद आया तो उन्होंने कहा, श्दर्शकों के नजरिए से देखे तो नहीं, यह थोड़ा अटपटा सा था।

बाएं हाथ के 33 साल के इस बल्लेबाज ने कहा, आप मैदान में जाते समय दर्शकों के बीच से निकलते हैं। इसलिए हमें घरेलू और दूसरी टीम के मैदान पर खेलना बहुत पसंद है। इसमें घरेलू और दूसरी टीम के मैदान का फायदा मिलता है। वॉर्नर की 58 रन की पारी के बाद भी तीन मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा।

## सीएसके ने शेयर की अपने कप्तान धोनी की तस्वीर, कैप्शन में लिखा- शेर राजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रतिष्ठित टी20 क्रिकेट लीग आईपीएल का आगाज 19 सितंबर से होना है, जिसके लिए सभी 8 टीमें तैयारियों में जुटी हैं। इसी बीच 3 बार की चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स ने अपने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की जिसमें उन्हें शेर राजा बताया।
भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए आईपीएल का अगला सीजन यूएई में खेला जाएगा। चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) दल के 10 से ज्यादा सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। इसी बीच सुरेश रैना और हरभजन सिंह ने इस लीग से हटने का फैसला किया। कोविड-19 के मामले सामने आने के कारण चेन्नै टीम का प्रैक्टिस सेशन भी शुक्रवार से शुरू हुआ। सीएसके टीम के खिलाड़ियों ने शुक्रवार शाम को यूएई में पहली बार प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। इस सेशन से पहले अपने कप्तान एमएस धोनी की एक तस्वीर टीम ने सोशल मीडिया पर शेयर की। इंस्टाग्राम पर फोटो पोस्ट करते हुए सीएसके टीम ने लिखा, हमारे लॉयन किंग पहले दिन (प्रैक्टिस) के लिए पूरी तरह तैयार... एक ऐसी मुस्कान के साथ जो टूटे दिलों को जोड़ दे।

## न्यूज डायरी




### हैपी बर्थडे जेमिमा रोड्रिगेज: सोशल मीडिया पर कई हस्तियों ने किया विश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिगेज आज यानी 5 सितंबर 2020 को अपना 20वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर उन्हें सोशल मीडिया पर कई क्रिकेट हस्तियों ने विश किया। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने भी जेमिमा को विश किया, लेकिन उनके किसी मैच की वीडियो से नहीं बल्कि डांस करते एक वीडियो को शेयर किया। अब तक करियर में 60 इंटरनैशनल मैचों में कुल 1302 रन बनाने वालीं जेमिमा का यह वीडियो टी20 महिला वर्ल्ड के दौरान का है जब वह एक सिक्योरिटी स्टाफ के साथ डांस करती नजर आई थीं। जेमिमा इस वीडियो में श्ट्विस्टश गाने पर डांस करती दिख रही हैं। उनके साथ एक सिक्योरिटी स्टाफ भी हैं जो पूरी तरह उनका साथ दे रही है। जेमिमा को इस मौके पर दिग्गज महिला पेसर झूलन गोस्वामी, साथी क्रिकेटर पूनम यादव और शिखा पांडेय के अलावा बीसीसीआई और आईपीएल के सोशल मीडिया पेज से भी विश किया गया।

### बांग्लादेश के स्टार तेज गेंदबाज को नहीं मिली आईपीएल में खेलने की इजाजत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का 13वां संस्करण शुरू होने जा रहा है। इस बीच बांग्लादेश के स्टार तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल की एक-दो टीमों से खेलने का ऑफर मिला था लेकिन बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड इस खिलाड़ी को नो ऑब्जेक्शन सर्टीफिकेट देने देने से मना कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक 24 वर्षीय मुस्तफिजुर को मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से टीम के साथ जुड़ने का प्रस्ताव मिला था। मुंबई की ओर से इस बार लसिथ मलिंगा और केकेआर की ओर से हैरी गर्ने इस सीजन टीम के साथ नहीं होंगे। बीसीबी के चेयर मैन अकरम खान ने मुस्तफिजुर को छब्ब नहीं देने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, बांग्लादेश की टीम 24 अक्टूबर से श्रीलंका के दौरे पर होगी।

### इस साल आईपीएल में नंबर 3 पर खेलें एमएस धोनी, उन्हें है अनुभव: सुरेश रैना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नै सुपरकिंग्स की टीम इस साल आईपीएल शुरू होने से पहले ही कई चुनौतियों का सामना कर रही है। टीम के 2 खिलाड़ियों समेत 12 लोग कोरोना की चपेट में हैं। वहीं स्टार बल्लेबाज सुरेश रैना और फिरकी गेंदबाज हरभजन सिंह निजी कारणों से इस सत्र के लिए बाहर हो गए हैं। रैना किसी भी पिच पर किसी भी परिस्थिति में रन बनाने वाले बल्लेबाज होने के साथ-साथ शानदार फील्डर और उम्दा स्पिन गेंदबाज भी हैं वहीं स्पिन बोलिंग में भज्जी के कद को भी पहचानते हैं।
इस बार यह टूर्नामेंट यूएई में होने जा रहा है, जहां सभी टीमें स्पिन की ताकत पर ही निर्भर होना चाहेंगी। ऐसे में सीएसके को लगे यह झटके बड़ी चिंता हैं। रैना के टूर्नामेंट छोड़ने के से सीएसके के पास नंबर 3 का स्थान खाली हो गया है। रैना ने यहां सुझाव दिया है कि उनकी गैरमौजूदगी में अब टीम के कप्तान एमएस धोनी को इस स्थान पर जिम्मेदारी संभालनी चाहिए।
रैना के अनुसार, नंबर 3 पर बल्लेबाजी के लिए टीम के संतुलन के लिहाज से एमएस धोनी बिल्कुल फिट बैठते हैं।

### रोहन बोपन्ना और शापोवालोव की जोड़ी दूसरे दौर में पहुंची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। अनुभवी भारतीय टेनस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके कनाडाई साथी डेनिस शापोवालोव की जोड़ी ने यूएस ओपन के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली।
भारतीय-कनाडाई जोड़ी यहां सीधे सेटों की जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंची। बोपन्ना और शापोवालोव ने शुक्रवार को इस ग्रैंडस्लैन के पहले राउंड में अमेरिकी खिलाड़ियों अर्नेस्टो एस्कोबेडो और नोआ रुबिन को 6-2, 6-4 से हराया। यह मुकाबला एक घंटा 22 मिनट तक चला। इंडो-कनाडाई जोड़ी अगले दौर में छठी वरीयता प्राप्त केविन क्रिएट्ज और एंड्रियास मिज का सामना करेगी। सात साल बाद यह पहला मौका था, जब किसी भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी ने यूएस ओपन में कोई मैच जीता था। सुमित से पहले 2013 में सोमदेव देववर्मन ने यह उपलब्धि हासिल की थी।